श्री श्यामा चरण शुक्ल स्मारक डाक टिकट लोकार्पण समारोह में प्रधानमंत्री का भाषण

नई दिल्ली

09-मार्च, 2012

आज प्रधानमंत्री डॉ मनमोहन सिहं ने नई दिल्ली में श्री श्यामा चरण शुक्ल स्मारक डाक टिकट का लोकार्पण किया । इस असवर पर प्रधानमंत्री का भाषण इस प्रकार है :

"मुझे बहुत प्रसन्नता है कि स्व. श्री श्यामा चरण शुक्ल की याद में आयोजित इस समारोह में मुझे भाग लेने का अवसर मिला है।

श्यामा चरण जी ने अपने लंबे सार्वजनिक जीवन में जिन आदर्शों और मूल्यों को अपनाया उनसे हम सबको प्रेरणा मिलती है। उनका काम हमारे लिए देशभक्ति और समाज सेवा की एक ऐसी मिसाल है जिससे हम सबको सीख लेनी चाहिए। मैं समझता हूं कि श्यामा चरण जी की याद में डाक टिकट जारी करके हमने उनके प्रति आदर और सम्मान प्रकट करने का एक छोटा सा प्रयास किया है।

मैं इसे अपना सौभाग्य मानता हूं कि मुझे अपने कैरियर में कई बार श्यामा चरण जी से संपर्क में आने का मौका मिला। उनकी शख्सियत बहुत प्रभावशाली थी। एक महान राजनैतिक नेता के रूप में उनका कद बहुत ऊंचा था। वह 6 बार मध्य प्रदेश विधान सभा के लिए चुने गए और लोक सभा के सदस्य भी रहे। वह 3 बार मध्य प्रदेश के मुख्य मंत्री रहे। उसके पहले वह मध्य प्रदेश में सिंचाई मंत्री भी रहे और इस दौरान उन्होंने राज्य में सिंचाई की सुविधाएं बढ़ाने के लिए जो काम किया वह आज भी याद किया जाता है।

श्यामा चरण जी न केवल एक सफल और महान पोलिटिकल लीडर थे बल्कि वे एक पत्रकार और एजुकेस्निस्ट भी रहे। वह एक सच्चे देशभक्त थे। उनकी सोच समय से बहुत आगे थी। पर्यावरण की देखरेख पर उन्होंने हमेशा ज़ोर दिया। मध्य प्रदेश में उन्होंने सोसल फॉरेस्ट्री की शुरुआत की।

अपनी पूरी ज़िंदगी श्यामा चरण जी ने आम आदमी की भलाई के लिए काम किया। वह हमेशा इसलिए लोकप्रिय रहे कि वह सरलता और आसानी से आम लोगों से जुड़ जाया करते थे और उनका दुःख-दर्द बांटने की कोशिश करते थे।

श्यामा चरण जी की याद में डाक टिकट जारी करने के लिए मैं डिपार्टमेंट ऑफ पोस्ट को बधाई देता हूं। अंत में एक बार फिर मैं श्यामा चरण जी को अपनी तरफ से और आप सबकी तरफ से श्रद्धांजलि अर्पित करता हूं।"